**खबर संक्षेप**

## सांसद ने मंत्री सिंधिया से संचार संसाधनों के गंभीर मुद्दों को लेकर पूछें प्रश्न

**छिन्दवाड़ा।** मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू में 30 जुलाई को मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास के केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से संचार संसाधनों के गंभीर मुद्दों को लेकर प्रश्न पूछें। सांसद श्री साहू ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को धन्यवाद प्रेशित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्रश्न पूछे। सांसद श्री साहू के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने लोकसभा में जवाब दिया। प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया को बीच में रोकते हुए कहा सांसद मध्यप्रदेश से है, जिसके जवाब में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा सांसद मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में 30 जुलाई को कुल 20 प्रश्न रखे गये थे, जिसमें प्रातः 11 बजे से प्रश्न काल के दौरान पहला प्रश्न सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से पूछा गया। सांसद श्री साहू द्वारा पूछे जाने वाले पहले प्रश्न का उत्तर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दिया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा लोकसभा में बताया गया कि दूरसंचार विभाग साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रयासरत है। दूरसंचार विभाग ने गृह मंत्रालय (एमएचए) के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर रिपोर्ट किए गए साइबर धोखाधड़ी के मामलों के आधार पर 3.57 लाख मोबाइल नंबर काट दिए हैं, जिनमें से सबसे अधिक मोबाइल कनेक्शन राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल से हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने आगे बताया कि इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग नामों से लिए गए संदिग्ध मोबाइल कनेक्शनों की पहचान करने के लिए एक स्वदेशी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा एनालिटिक टूल अस्त्र विकसित किया है।

### किसानों ने सड़क पर किया प्रदर्शन, सिंगोड़ी पुलिस ने पहुंचकर संभाला मोर्चा

# यूरिया को लेकर सड़कों पर उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





आखिर सिंगोड़ी में भी यूरिया की किल्लत को लेकर सिंगोड़ी सहित आसपास के दर्जनों ग्रामों के किसानो ने सड़कों पर उतरकर एक घंटे से ज्यादा समय तक नरसिंहपुर नेशनल हाईवे के सिंगोड़ी बाईपास पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया हैं।

इस दौरान सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सिंगोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझने का प्रयास किया लेकिन किसान नहीं माना और प्रदर्शन चला रहा जिसकी सूचना अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे और आना प्रभारी अमरवाड़ा को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर अधिकारी पहुंचे और किसानों से चर्चा की और यूरिया का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ।एक तरफ जहां शासन प्रशासन यूरिया की कमी को नकारते नजर आ रहा है वही दूसरी तरफ किसान यूरिया नही मिलने के कारण सड़को पर आने को मजबूर हो रहा है आक्रोशित किसानों ने बताया की इस वर्ष फसलों में यूरिया रासायनिक खाद ज्यादा लग रही पहले ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया नही मिली मक्का सहित अन्य फसले बढ़ नही रही है उन्हे खाद की जरूरत है अगर समय पर नहीं मिली तो फसल बर्बाद हो जाएगी जिसकी चिंता और परेशानी हो रही है कहानी यूरिया के कारण फसल बर्बाद ना हो जाए वही आगे बताया गया कि ना निजी दुकानदार यूरिया उपलब्ध करवा रहा है ना ही शासकीय उचित मूल्य दुकान पर है हम रोज सिंगोड़ी यूरिया लाने आ रहे है और निराशा के साथ घर जा रहे है हमे मजबूर होकर सड़क में खड़ा होकर अपनी बात रखनी पड़ती है जिला प्रशासन से किसानों ने पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया है।वहीं एसडीएम हेमकरण धुर्वे ने बताया कि निरंतर विधानसभा में यूरिया का वितरण अमरवाड़ा वेयरहाउस मंडी प्रांगण और ग्रामीण अंचलों की सोसाइटियों से किया जा रहा है लेकिन उसके बावजूद भी किसान बार-बार यूरिया लेने पहुंच रहे हैं उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि आप अतिरिक्त यूरिया का प्रयोग ना करें जितनी आवश्यकता हो उतनी प्रयोग करें।

## ब्रम्हपुत्र कंपनी से प्राप्त हुई 1900 मीट्रिक टन यूरिया, 02 रैक शीघ्र ही पहुंचेगी छिंदवाड़ा



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में यूरिया की उपलब्धता और वितरण की सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ बुधवार को रेक प्वाइंट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आज ब्रम्हपुत्रवेली कंपनी से जिले को 1900 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुई, इसके साथ ही 02 रैक यूरिया कल आई.पी.एल एवं परसो एच.यू.आर.एल छिंदवाड़ा पहुंच जायेगी, जिससे लगभग 3500 मीट्रिक टन यूरिया और प्राप्त हो जायेगी। उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र द्वारा रैक पॉईण्ट जाकर निरीक्षण किया गया एवं परिवहनकर्ता एवं कंपनी को शीघ्र ही कार्यक्रम के अनुसार यूरिया भेजने के निर्देश दिये गये। कंपनी के प्रबंधक को भी स्टॉक को आज ही विक्रेताओं को प्रदान करने के लिये निर्देश दिये गये। सभी निजी विक्रेताओं के यहां कृषि विस्तार अधिकारीयों की उपस्थिति में ही वितरण के लिये निर्देशित किया गया। यदि कोई विक्रेता निर्धारित दर से अधिक कीमत पर विक्रय करके या यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों की टेगिंग करके विक्रय करते पाया जायेगा, तो तत्काल कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। किसानों से अपील है कि जिले को लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है, इसलिये प्रर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होगी। किसान संयम रखें एवं आवश्यकता के अनुसार ही यूरिया उर्वरक का उठाव करे।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने पकड़ा 22 लाख से अधिक राशि का अवैध तंबाकू से लदा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



गत दिवस पुलिस ग्राम चिचखेडा स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खडे ट्रक को मुखबीर की सूचना पर पकडा जिसमें जिसमें भारी मात्रा में अवैध तंबाकु बरामद किया गया। बरामद हुए नशे में ईगल हुक्का तंबाकु (लाल पैकेट) कीमत 1122000 रू, हुक्का शीशा तंबाकु कींमत 265000 रू तथा माजा 108 हुक्का शीशा तंबाकु, कींमत 904000 रू शामिल है। कुल जब्त हुई सामग्री की कीमत 22,91,000 रू है। वाहन से पुलिस ने बजरंग पिता मनफुलाराम विश्नोई आयु 34 निवासी बिकानेर राजस्थान को पकडा। पुलिस ट्रक क्रमांक आरजे 50 जीए 2306, ड्राइविंग लाइसेंस, इंशूरेंस दस्तावेज जब्त किए।

पुलिस द्वारा इस बारे में जारी प्रेस नोट के अनुसार आरोपी ने पुलिस को बताया कि उक्त तंबाकू पांढुर्ना की एक किराना दुकान से खरीदकर नागपुर ले जाया जा रहा था। ट्रक में लदे तंबाकु का कोई बिल या दस्तावेज पुलिस को प्राप्त नहीं हुआ। पुलिस ने सिगरेट एवं तंबाकु उत्पाद अधिनियम 2023 के तहत मामला दर्ज कर कारवाई की है। इस मामले में थाना निरीक्षक अजय मरकाम, प्रआ. राकेश चौरासे तथा आ. शिवकुमार जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण छिंदवाड़ा जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह से लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना कार्य किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गोपेश मिश्रा द्वारा परासिया एवं चांदामेटा क्षेत्र मे स्थित बालाजी स्वीट्स, पीयूष स्वीट्स, बिकानर मिष्ठान परासिया, गुप्ता मिष्ठान भंडार चांदामेटा और गुप्ता मिष्ठान भंडार कचहरी के सामने परासिया आदि का निरीक्षण किया गया। इसी बीच गुप्ता मिष्ठान भंडार कचहरी के सामने परासिया के किचन के निरीक्षण में अत्यधिक बनाने के स्थान पर अत्यधिक गंदगी पायी गयी चिप्स और नमकीन रखने की आलमारी में करीब 10000 से भी ज्यादा एवं गुच्छे के गुच्छे कॉकरोच पाये गए एवं भुनगे कीड़े घुमने के साथ ही मकड़ी के जालों के बीच खाद्य पदार्थ रखे पाये गए। इसके चलते खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये इस होटल में खाद्य सामाग्री निर्माण एवं विक्रय पर रोक लगाई गयी। साथ ही इस होटल का खाद्य लाइसेन्स भी तुरंत निलंबित कर दिया गया है। इस होटल में खाद्य पदार्थ का निर्माण एवं विक्रय अब सभी साफ-सफाई कार्य करने एवं खाद्य सुरक्षा मानदंडो के अनुरूप व्यवस्था में सुधार के बाद ही शुरू किया जा सकेगा। उसी स्थिति में लाइसेन्स पुनः बहाल किया जावेगा। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पंकज घाघरे द्वारा चौराई क्षेत्र में एवं श्री रूपराम सनोडिया द्वारा पांढुर्णा क्षेत्र में करीब एक दर्जन किराना दुकानों का निरीक्षण कर घी एवं खाद्य मसालो के नमूने लिए गए।

## देश के 664 बेस्ट पीएम श्री स्कूल में बीसापुरकलां शामिल



**छिन्दवाड़ा।** आज भारत मंडपम दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, श्री जयंत चौधरी, डॉ.सुकांत मजूमदार और राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी देशवासियों और विशेषकर युवा साथियों को अनेकों शुभकामनाएं दी। एनईपी 2020 प्रधानमंत्री श्री मोदी के उस ट्रांसफॉरमेटिव विज़न को दर्शाता है। भारतीयता ही एनईपी 2020 का मूल मंत्र है। वैज्ञानिक शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतीय भाषाओं को केंद्र में रखते हुए हम शिक्षा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ रहे हैं।

कार्यक्रम में देश के 13 हजार पीएम श्री विद्यालय में से बेस्ट 664 विद्यालय का चयन किया गया, जिसमें जिला छिंदवाड़ा के पीएम श्री विद्यालय बीसापुरकलां को चुना गया, जो गौरव की बात है। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच श्री वेद सिसोदिया, प्राचार्य श्री भगवान सिंह उईके, श्री प्रदीप साहू, श्रीमती संध्या वर्डे, श्रीमती शाहीना खान, श्रीमती पूनम दास, श्रीमती रिंकी ठाकुर, श्रीमती ममता वानखेडे, श्रीमती कम्बलिका शर्मा, श्रीमती नीतू दाडे, श्रीमती सुशीला दाडे, श्रीमती वर्षा धुर्वे, श्रीमती रेखा राउत, श्रीमती जयश्री मोहब्बे, श्रीमती सरिता पहाड़े, श्री दिलीप अहके, श्री शशिकांत नागले, श्री मदनराव चौबीतकर, श्री गोकुल रतने, श्री शिवकुमार नरवरे, श्री आशीष विश्वकर्मा, श्री केशवराव कराडे आदि मौजूद रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा एवं लहगडुआ के उद्योगपतियों की बैठक

**छिंदवाड़ा।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा की अध्यक्षता में आज जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा में एग्रो कॉम्पलेक्स खजरी तथा औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा एवं लहगडुआ के उद्योगपतियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के शुभारंभ के संबंध में जानकारी देते हुए 1 अगस्त 2025 को जिला स्तर पर कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के लिये कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित होने के लिये आमंत्रित किया गया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

## जीव जंतु संरक्षण संगठन कार्यालय का शुभारंभ



**छिंदवाड़ा।** सर्वोदय अहिंसा के पवित्र उद्धेश्य को लेकर जियो ओर जीने दो की मंगल भावना सहित सेव, समर्पण एवं जनता के सहयोग के साथ मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में जीव दया एवं अहिंसा प्रेमी सर्प मित्र हेमंत गोदरे द्वारा जीव जंतु संरक्षण संगठन बनाया गया।जिसके कार्यालय का भव्य शुभारंभ श्रावण शुक्ल पंचमी नाग पंचमी की शुभ संध्या पर मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके के साथ विशिष्ट अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं समाज सेवी दयाचंद चौरसिया के हाथों नगर के अहिंसा प्रेमी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।आपको बता दें कि जीव रक्षा के मुख्य उद्धेश्य को लेकर यह कार्यालय छिंदवाड़ा के शिवाजी चौंक ई. एल. सी. होस्टल के रूप नंबर 17 में प्रारंभ किया गया।जिसमें सर्प मित्र हेमंत गोदरे एवं राहुल राहंगडाले सहित उनकी सम्पूर्ण अहिंसा प्रेमी सर्प मित्रों की टीम जिले में सेवाएं देंगी और मूक पशु पक्षियों को जीवन दान देकर अहिंसा परमो धर्मा का पावन संदेश देगी।

## मांझी समाज ने किया मुकेश का शाल श्रीफल से सम्मान

**नागद्वारी मेले में भक्तों को उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए मिला सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



मन में सेवा का भाव अगर हो तो मनुष्य हर परिस्थिति से लड़कर भी सेवा करता है और यही मानवता का सच्चा कर्तव्य होता है। नर सेवा नारायण सेवा के समतुल्य होती है जिसके लिए सारे सम्मान कम है। फिर भी मांझी समाज द्वारा समाजसेवी मुकेश साहू का सम्मान के लिए तत्पर है और आज शॉल श्रीफल से सम्मानित किया है।

प्रतिष्ठित व्यापारी एवं वैशाली हार्डवेयर के संचालक मुकेश साहू एवं जितेंद्र साहू परिवार की ओर से उनके प्रांगण में प्रतिवर्ष नागद्वारी एवं शिवरात्रि के पर्व पर मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुभक्त गणों को उत्तम भोजन एवं रुकने नहाने की व्यवस्था एवं निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए मांझी केवट कहार समाज के द्वारा मुकेश साहू एवं उनके परिवार एवं उनकी माता को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मांझी समाज के अध्यक्ष बिशौरी कहार, नपा उपाध्यक्ष सुरेश बबुआ कश्यप,पूर्व अध्यक्ष अशोक जी प्रीतम कहार अरुण कलीवार जी, राजेश कहार,लक्ष्मण कहार प्रकाश कहार,श्री आनंद कहार,श्रीमती फूलवती कहार,श्रीमती गीता कश्यप एवं मांझी समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आज मनेगा श्री पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव, नगर के जैन मंदिरों में होंगे विशेष पूजन विधान

**छिंदवाड़ा।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन आज श्रावण शुक्ल सप्तमी गुरुवार का शुभ दिन 23 वें तीर्थंकर 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मंगलकारी निर्वाण महोत्सव मुकुट सप्तमी के रूप में मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेगा। आज के शुभ दिन मंडल एवं फेडरेशन द्वारा नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.20 से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री पार्श्वनाथ पूजन एवं श्री सम्मेद शिखर विधान कर निर्वाण काण्ड पढ़कर मोक्ष कल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।श्री पार्श्व प्रभु के मंगलकारी निर्वाण महोत्सव मुकुट सप्तमी की खुशी में बालिकाओं द्वारा सामूहिक उपवास रखा जावेगा जिनकी विशेष कक्षा बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती जैन द्वारा प्रातः 10.30 बजे से रात्रि 9.30 तक अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित स्वाध्याय भवन में ली जावेगी।श्री पार्श्वनाथ जिनालय नई आबादी में आयोजित मुकुट सप्तमी के पूजन विधान में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, अशोक वैभव, सुरेन्द्र जैन, सुबोध जैन, जिनेन्द्र जैन, पंकज जैन, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, आशीष कौशल, रूपेंद्र शास्त्री सहित मंडल एवं फेडरेशन के जिनशासन सेवकों द्वारा की गई है।

## पुलिस परिवार की हुई निशुल्क जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत कल पुलिस एवं उनके परिवारजनों के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लक्ष्मी स्मृति भवन में संपन्न हुआ। इस शिविर में एनएबीएच प्रमाणित रेडिएंस हॉस्पिटल नागपुर के चिकित्सकों के दल ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

शिविर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजनों की बीपी, शुगर, ईसीजी, महिलाओं के लिए पैप स्मीयर टेस्ट, आहार विशेषज्ञ का मार्गदर्शन, डेंटल चेकअप, रक्तदान शिविर के अलावा लीवर रोगों की रोकथाम पर व्याख्यान दिया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, एडिशनल एसपी नीरज सोनी, पांढुर्ना एसडीओ ब्रजेश भार्गव, सौंसर एसडीओ प्रियंक पांडे, रक्षित निरीक्षक अनीता सिवडे, महिला प्रकोष्ठ अधिकारी संध्यारानी सक्सेना, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे के अलावा लगभग पुलिस परिवार के 150 सदस्यों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

## पुलिस ने नशामुक्त करने चलाया अभियान

**नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जागरूक करने निकाली बाइक रैली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पुलिस मुख्यालय व्दारा नारकोटिक्स शाखा के माध्यम से पूरे प्रदेश में नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाये जाने के प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिला छिंदवाड़ा में दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रदेश स्तरीय ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान चलाया गया। अभियान समाप्ति के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा , पुलिस उप महानिरीक्षक छिन्दवाडा रेंज द. कल्याण चक्रवर्ती एवं पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डेय की उपस्थिती में बाईक रैली का आयोजन किया गया।

उक्त रैली को हरी झंडी दिखाकर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय के द्वारा रवाना किया गया। रैली पुलिस कंट्रोल रूम छिन्दवाडा से जेल तिराहा, पोला ग्राउंड, ईएलसी चौक, कलेक्ट्रेट कार्यालय, सत्कार तिराहा होते हुए पुनः कंट्रोल रूम तक आयोजित की गई। रैली के माध्यम से स्थानीय आम नागरिकों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन, पुलिस उप महानिरीक्षक छिन्दवाडा रेंज एवं पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

15 दिवसीय अभियान में की गई कार्यवाही का ब्रीफ 15 दिवसीय अभियान का शुभारंभ श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक, छिन्दवाडा रेंज छिन्दवाडा एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही भावना डेहरिया की उपस्थिति में दिनांक 15/07/25 को प्रातः 11 बजे ड्रग अवेयरनेस रैली का आयोजन किया जाकर किया गया। उक्त रैली में स्काउट गाईड, एनसीसी एवं शिक्षण संस्थान के लगभग 1000 विद्यार्थी उपस्थित हुए। 15 दिवसीय अभियान के दौरान ड्रग अवेयरनेस रैली, वाहन रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड नाटक, नशामुक्ति शॉर्ट फिल्म, के माध्यम से चौक-चौराहों, स्कूल / कॉलेजों, झुग्गी झोपडियों एवं चिन्हित स्थानों में जाकर कुल 23450 आम नागरिकों, 4000 खिलाडियों एवं 81 स्कूलों में 13232 छात्र/छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया।

### पंचायत द्वारा बिना लोहा बेस के बनाने का नतीजा है दीवार का गिरना

## पांडूपिपरिया श्मशानघाट में गिरी रिटर्निंग वॉल का जन सहयोग से हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



पिछले एक सप्ताह से तामियां क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ है, वहीं क्षेत्र में पंचायतो एवं अन्य विभागों के द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की में पोल भी खुलने लगी है जिसमें धूसावानी ग्राम पंचायत के ग्राम राजढाना में परकोलेशन टैंक बह गए हैं, वहीं वागई ग्राम पंचायत के सालढाना मै तालाब का बेस्ट वियर बरसात से उखड़ गया।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत पांडू पिपरिया मोक्ष धाम के पास वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गई रिटर्निंग बाल जो बिना नीब खोदे बनाई गई थी हो रही लगातार बारिश में इसका एक हिस्सा भर भरा कर ढह गया जिससे मोक्ष धाम मैं बहते नाले के कारण पैदल जाना खतरनाक साबित हो रहा है। ऐसे में इसी ग्राम पंचायत के प्रबुद्ध नागरिकों ने पंचायत द्वारा कोई प्रयास किया नहीं जाने की दशा में सार्वजनिक सहयोग से इस रिटर्निंग बाल बनाने का निर्णय लिया और इस क्षेत्र में संचालित क्रशर मालिकों ने गिट्टी पांडू पिपरिया के अवैध रेत का व्यापार करने वालों ने रेत कुछ लोगों ने इस रिटर्निंग बाल के लिए सीमेंट सहयोग के रूप में प्रदान की। इसी कड़ी में नाम नहीं छापने की शर्त पर फ्यूरी संचालक ने बताया कि मैं भी मोक्षधाम की रिटर्निंग वॉल में अपनी फ्यूरी मशीन निशुल्क सहयोग के रूप में दूंगा। इस तरह सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह रिटर्निंग वॉल भरी बरसात में बनाई जा रही है।

ग्रामीणों ने हरिभूमि को बतलाया कि पांडू पिपरिया ग्राम पंचायत में एकमात्र मोक्ष धाम है। यदि ऐसी स्थिति में किसी का निधन हो जाता है तो शमशान तक शव को ले जाना मुश्किल होगा। इसी को दृष्टिगत रखते हुए हम लोग अपने-अपने सहयोग से रिटर्निंग बाल बनवा रहे है। जब उनसे चर्चा की गई की पंचायत से आपेक्षा क्यों नहीं की तो सब ने एक स्वर में बतलाया पंचायत जनहित के कार्य में रुचि नहीं लेती है। यदि लेती तो हम ग्राम वासियों को सहयोग कर पंचायत द्वारा घटिया बनाई गई दीवार गिरने की स्थिति में नहीं बनाना पड़ती। मोक्ष धाम में बन रही जन सहयोग से इस रिटर्निंग बाल से सिद्ध हो गया कि ग्रामीण आज भी ग्राम पंचायत पर कम भरोसा करते हैं। उसी का नतीजा है कि जन सहयोग से य बनने बाली रिटर्निंग बाल शवदाह तक आसानी से पहुंच सके। इसलिए हम भरी बरसात में आने वाले समय किसी प्रकार की समस्या ना उठानी पड़े। उसके लिए जन सहयोग कर यह रिटर्निंग बाल बनाई जा रही है जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र के लोगों में है कि नागरिक पंचायत के बजाय जन सहयोग आवश्यक कार्य में करने में अग्रणी है।

## कार्यक्रम में राजलानी एवं पटोरिया को मल्टीपल अवार्ड से किया गया सम्मानित

# कार्यकारिणी गठितः नए लायंस पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



लायंस क्लब परासिया की 2024 - 26 के लिए गठित नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को शपथ ली । यह शपथ ग्रहण समारोह उमरेठ रोड में स्तिथ एक लान में हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि एम जे एफ लायन मनीष शाह ( मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन ) की उपस्थिति में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को 'सेवा मंदिर' की भावना के साथ शपथ दिलाई । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने युवाओं को प्रेरित किया । कार्यकारिणी के नए अध्यक्ष लायन हरिशंकर साहू ने पूरी निष्ठा और इमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लायन पूरन राजलानी एवं लायन पिंकेश पटोरिया को मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कई अन्य सदस्यों को भी उनके सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया ।

ध्वज वंदना का पावन कार्य लायन डॉ. राजेंद्र सोनी जी द्वारा किया गया, जिसमें लायन साथियों के साथ अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्तिथि रही । लायंस क्लब परासिया - चांदामेटा कार्यकारिणी सत्र 2024 - 26निवर्तमान अध्यक्ष - लायन भीम मुंगियाअध्यक्ष - लायन हरिशंकर साहूउपाध्यक्ष प्रथम - लायन सुधीर सिंह द्वितीय - लायन अनिल श्रीवास्तव तृतीय - लायन अलोकेश जैन चतुर्थ - लायन अंकुर बग्गासचिव - लायन कपिल वर्मासह सचिव - लायन शिवराम निर्मलकर, लायन शिवम गुप्ताकोषाध्यक्ष - लायन हरिकृष्ण पटेल सहसचिव - लायन सुजीत वर्मा, लायन जीवेश ढोलीनीटेलट्विस्टर - लायन अनिल सातफलटेमर - लायन सौरभ जैन, लायन नीरज खंडेलवाल पदाधिकारीगण मेंबर्शिप डायरेक्टर - लायन अनिल जैन LCIF कोऑर्डिनेटर - लायन अविनाश अग्रवाल मार्केटिंग एंड रिलेशनशिप ऑफिसर - लायन देवेश शर्मा LEHRCP प्रभारी - लायन आलोक जैनक्लब डायरेक्टर - लायन पूरन राजलानी, लायन पिंकेश पाटोरिया संचालक मंडललायन महेश जैन,लायन सुभाष अरोरा, लायन प्रदीप सोनी, लायन कन्हैया राजलानी,लायन जगजीत सिंह मान, लायन मुकेश गोयल,MJF लायन हेमंत जैन, लायन महेश गुप्ता, लायन डॉ. राजेन्द्र सोनी, लायन संजय अग्रवाल, लायन अभिजीत दत्ता।

## मांझी समाज के द्वारा किया गया शॉल श्रीफल से सम्मान

**दमुआ।** प्रतिष्ठित व्यापारी एवं वैशाली हार्डवेयर के संचालक श्री मुकेश साहू एवं जितेंद्र साहू परिवार की ओर से उनके प्रांगण में प्रतिवर्ष नागद्वारी एवं शिवरात्रि के पर्व पर मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुभक्त गणों को उत्तम भोजन एवं रुकने नहाने की व्यवस्था एवं निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए मांझी केवट कहार समाज के द्वारा श्री मुकेश साहू एवं उनके परिवार एवं उनकी माता जी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर मांझी समाज के अध्यक्ष बिशौरी कहार, नपा उपाध्यक्ष श्री सुरेश बबुआ कश्यप,पूर्व अध्यक्ष अशोक जी प्रीतम कहार श्री अरुण कलीवार जी, राजेश कहार,लक्ष्मण कहार प्रकाश कहार,श्री आनंद कहार,श्रीमती फूलवती कहार,श्रीमती गीता कश्यप एवं मांझी समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशामुक्ति का संदेश



**जुन्नारदेव।** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल एवं जिला खेल अधिकारी कृष्णकुमार चौरसिया जी के मार्गदर्शन में शास.उच्च.मध्य.विद्यालय डुंगरिया में प्राचार्य तिलक दास मानकर के नेतृत्व में ब्लॉक समन्वयक जुन्नार्देव विभा तारन द्वारा विद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें नशा मुक्ति केंद्र की विस्तृत जानकारी एवं हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई।नशा ना करने हेतु शपथ छात्र, छात्राओं समस्त विद्यालय स्टॉफ एवं युवा समन्वयक द्वारा ली गई।इस अवसर पर प्राचार्य तिलक दास मानकर जी,शाहिस्ता परवीन, पूर्वी कुमरे, कल्पना पटेल, आराधना चौरसिया, पवन आम्रवंशी, राघवेंद्र सिंह मारवाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अंत में विभा तारन समन्वयक द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया ।

## पंडित रविशंकर स्कूल जुन्नारदेव में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



आज जुन्नारदेव स्थित पंडित रविशंकर स्कूल में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षरमेश सालोडे टी.आई. जुन्नारदेव राकेश सिंह बघेल , सीएमओ श्रीमती नेहा धुर्वे, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चन्द्रवशी, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, प्रमोद बंदेवार, अमित यादव, राजेंद्र सूर्यवंशी, युवा नेता विपिन बिंदवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर अपने-अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों, उसके सामाजिक प्रभाव और युवाओं को उससे दूर रहने के उपायों पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को प्रभावित किया और सोचने पर मजबूर किया।

मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को जागरूक और सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह सामाजिक पतन का भी कारण बनता है।कार्यक्रम का उद्देश्य नशा जैसी सामाजिक बुराई के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था, जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया। अंत में सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

## स्कूल की टूटी छत के नीचे लग रही आंगनबाड़ी, बारिश में टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




नगर के वार्ड क्रमांक 11 लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है किंतु इस स्कूल में छत की हालत बद से बदतर हो चुकी है, जहां बैठकर साल पूर्ण नौनिहाल अध्ययन कार्य कर रहे हैं ऐसे में सवाल है कि इस तरह जर्जर स्कूल भवन के कक्ष में आंगनबाड़ी का संचालन कैसे किया जा रहा है। वही मिली जानकारी अनुसार यह हालत लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से बने हुए हैं किंतु इस और ना तो अधिकारी कोई ध्यान दे रहे हैं और ना ही नगर पालिका महिला बाल विकास रेलवे के अधिकारी ऐसे में नन्हे मुन्ने बच्चे बारिश के मौसम में टपकती छत के नीचे बैठने को विवश है ऐसे में बच्चों के साथ कोई दुर्घटना घटी है तो उसके जिम्मेदारी कौन होगा वार्ड वासियों ने कई बार शासन प्रशासन से शीघ्र ही भवन रिपेयरिंग कराए जाने अथवा अन्यत्र भवन में आंगनबाड़ी संचालित किए जाने की मांग की है।

## 24 लाख की लागत से होगा एमआरएफ कंपो सीटिंग का कार्य

**जुन्नारदेव :** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 10 स्थित एमआरएफ सेंटर में स्वच्छ भारत योजना 2,0 अंतर्गत 24 लख रुपए की लागत से निर्माण कर का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन राजेंद्र सूर्यवंशी निकाय के मुख नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे सब इंजीनियर अनुराग सरिया भाजपा नेता जितेन सूर्यवंशी भारत जोशी निर्माण एजेंसी सागर अरोड़ा सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अधिकारी गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं अतिथियों की उपस्थिति में विधिवत पूजन अर्चन कर कार्य को प्रारंभ किया। निर्माण एजेंसी को निर्देशित कर कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए ।साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर विशेष महत्व दिया जाए ।नगर में प्रत्येक वार्डों में निर्माण कार्य जारी है ।जनता की मांग अनुरूप नगर पालिका परिषद जनता को अच्छी सुविधा देने के प्रयास कर रही है ।सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबके प्रयास से ही नगर के विकास को निरंतर गति मिल रही है।



## अंबामाई के पास हुआ सड़क हादसा

**कटंगी।** कटंगी से सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर अंबामाई के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है. हादसे में स्विफ्ट कार और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है. जिसमें बाइक सवार चालक घायल हुआ है जबकि कार में सवार सभी लोग बाल-बाल सुरक्षित बच गए. हादसा बुधवार की सुबह करीब साढ़े 09 बजे के आस-पास हुआ है. घायल बाइक चालक को संजीवनी 108 के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और चालक जयेश चौहान ने अस्पताल लाकर भर्ती करवाया. जहां डॉ भूपेन्द्र गजभिए ने घायल को प्राथमिक उपचार प्रदान किया है. प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया. परिजन घायल को बेहतर उपचार के लिए नागपुर लेकर गए है. मिली जानकारी अनुसार अरी निवासी नरेन्द्र कुमार भौरगढ़े ट्रिग गुरप जो एक सुरक्षा एंजेसी है उसमें बतौर सुरक्षा कर्मचारी के रुप में पदस्थ है. नरेन्द्र सावरी से नाइट ड्यूटी कर अपने घर की तरफ लौट रहा था. जिसकी बाइक और स्विफ्ट कार के बीच अंबामाई के पास आमने-सामने टक्कर हो गई. आखिर में आमने-सामने वाहन टकराने की वजह क्या है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पॉवर हाऊस कॉलोनी किरनापुर में हरियाली तीज उत्सव पर देखने को मिला संस्कृति और उमंग का संगम



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर के वार्ड नं 01 के पॉवर हाऊस कालोनी में हरियाली तीज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

आयोजित इस उत्सव में मेहंदी, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं शामिल हैं। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाए जाने वाला हरियाली तीज का पर्व पॉवर हॉउस कॉलोनी किरनापुर के मैदान बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।

इस आयोजन का संयोजन पॉवर हाउस कॉलोनी की समस्त मातृशक्तियो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । यह उत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह महिलाओं और किशोरियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का एक शानदार मंच भी प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन में मेहंदी, नृत्य, गायन और अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हरियाली तीज का यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना गया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन माता पार्वती ने अपनी कठिन तपस्या से भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। इसीलिए यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य और कुंवारी, कन्याओं के लिए योग्य वर की प्राप्ति के लिए विशेष महत्व रखता है।

आयोजित इस उत्सव में महिलाएं हरे रंग के परिधान और सोलह श्रृंगार में सजकर उत्सव में शामिल हुई। प्रतियोगिता मे नृत्य और गायन में पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिला। हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रेम, आस्था और एकता का संदेश देता है। इस आयोजन के माध्यम से हमारी कोशिश है, कि हमारी बहनें और बेटियां अपनी कला और संस्कृति को गर्व के साथ प्रदर्शित करें।

## बैंड-बाजे के साथ निकली हरियाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जन-जन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोसुम्बा में नवाकुंर संस्था ने अनोखी पहल की शुरूआत की है. इस संस्था ने कोसुम्बा गांव में बाजे-गाजे के साथ नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा निकाली. जिसमें गांव की बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई. जन अभियान परिषद के द्वारा मातृ शक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने के लिए यह खास तरह का अभियान चलाया जा रहा है. अभियान की कड़ी में कलश यात्रा निकाली गई. परामर्शदाता अवलेश पारधी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से प्रकृति से जुड़ने और इस बारिश में अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की. नवांकुर संस्था ने गांव में जगह-जगह पौधारोपण किया और ग्राम पंचायत भवन में पर्यावरण जागरूकता पर चौपाल भी लगाई. चौपाल में जनपद पंचायत कटंगी सीईओ गायत्री कुमार सारथी, जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, जनपद सदस्य ज्योति शैलेन्द्र सूर्यवंशी, सरपंच शंकरलाल डहरवाल, नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मुर्खे सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर कर रहे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

जनपद सीईओ ने नवाकुंर सखी हरियाली यात्रा के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को जोड़ने के लिए नित नए नवाचार कर रही हैं. महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को सामाजिक सरोकार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय से जोड़ने का यह महत्वपूर्ण अभियान जन अभियान परिषद के माध्यम से चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा आज मातृ शक्ति के द्वारा जो पौधारोपण किया गया है वह निश्चित ही सफल होगा और पौधे वृक्ष बनेंगे. परामर्शदाता अवलेश पारधी कहा कि उन्होंने स्वयं जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से मास्टर ऑफ सोशल वर्क में सामाजिक कार्य के साथ-साथ जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण पर कार्य किया आज पौधे लगाना उनके स्वभाव में शामिल हो गया है. इस अवसर पर प्रतीक खोबरागड़े, नन्दलाल पारधी, बसंत परिहार, प्रेमलाल खोबरागड़े, संतोष उचबगले, सचिव मोतीलाल नागेश्वर, पूर्व जनपद सदस्य किरण खोबरागड़े, पूर्व सरपंच अनिता आम्बाडारे, विद्यार्थी विनोद बाविसताले, धर्मेंद्र पटले, छाया मुर्खे, प्रेमलता रामटेके, ग्रामीण कामिनी गर्दे, रश्मि शुक्ला, ज्योति शरणागत, समता खोबरागड़े, केवलता राउत, सिंदु खोबरागड़े, खेमराज मुर्खे, संतराम राउत, श्यामराव मुर्खे, मनीष मुर्खे, हरिचन्द्र लाड़े, सयंवती राउत, द्वारका मुर्खे, श्यामकला सोनवाने, वैशाली मुर्खे, अर्चना राउत, प्रीति राउत उपस्थित रही।

### भाजपा बिसोनी मंडल के कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों की नई पहल

## कावडि़यों के लिए कंकर पत्थर हटाकर की गई सड़क की साफ -सफाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तन में शिव, मन में शिव, हर कंकर-पत्थर में शिव। यानी भगवान शंकर उनकी रग-रग में बसे हुए हैं। अगला कदम किसी कांटे पर पड़ेगा या पत्थर पर इसकी कोई परवाह उन्हें नहीं है। कांटा जब पांव में चुभता है तो आह नहीं सिर्फ भोले बाबा का नाम ही जुबां पर आता है। दरअसल कांवडिय़ों की भक्ति है ही ऐसी, जिसका कोई सानी नहीं है। यह अहसास अगर अपने दिल में महसूस करना है तो कांवडिय़ों के साथ एक दिन यात्रा कर लीजिए और फि र देखिए कि किस तरह आस्था के आगे बाधाएं बौनी हो जाती हैं। कंधों पर कांवड़ रखे पुरुष-महिलाएं कतारबद्ध होकर जब सड़क किनारे गुजरते हैं तो आस्थावानों का संगम साफ दिखाई देता है। भारी थकान, प्यास उनके हौसले नहीं डिगा पाती। कांवड़ यात्रा, जो भगवान शिव के भक्तों द्वारा गंगाजल लेने और उसे शिवलिंग पर चढ़ाने के लिए की जाती है, एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस यात्रा के दौरान, भक्त लंबी दूरी पैदल चलकर तय करते हैं, और इस दौरान रास्ते में पडऩे वाली बाधाओं को शिव भक्त साफ़ करते हैं, ताकि कांवडिय़ों को कोई परेशानी न हो। यह एक सामूहिक प्रयास होता है, जिसमें भक्त स्वेच्छा से सड़कों, गलियों और मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों को साफ करते हैं। यह न केवल कांवडिय़ों के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी सुविधा प्रदान करता है। इस तरह, कांवडिय़ों के लिए रास्ता साफ़ करना, शिव भक्तों द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान की जाने वाली एक महत्वपूर्ण सेवा है। इसी तरह भाजपा बिसोनी मंडल के कार्यकर्ताओं सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा रोजाना सुबह कोटेश्वर धाम पहुंचने वाले मार्ग की सफाई की जा रहीं है। बुधवार की सुबह नगर के भाजपा बिसोनी मंडल के कार्यकर्ता और समाजसेवी कोटेश्वर मार्ग की सफाई करने पहुंचे। ताकि कावडिय़ों को कोई परेशानी न हो। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेश एड़े, मंडल महामंत्री ताराचंद कुचलाहे, मंडल महामंत्री सोहन वाकड़े, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती माया नुतेंद्र रहमतकर, बबलू शिवलिया, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पुरूषोत्तम अस्तने, बिसोनी बूथ अध्यक्ष राजकुमार कुचलाहे, चिचटोला बूथ अध्यक्ष पवन कश्यप, मंडल मीडिया प्रभारी गुड्डू श्रीवास जी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजू मोहारे, गुनाराम बड़घैया, सालिकराम नारनौरे सहित अन्य भाजपा कायकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

### वार्ड नं. 3 हल्का नंबर 19/60 लांजी स्थित खसरा नंबर 27/23 का मामला

## फिर एक सप्ताह के लिये टल गई फर्जी रजिस्ट्री की जांच



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के वार्ड नं 3 में स्थित एक भूमि की फर्जी रजिस्ट्री मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं जब उक्त भूमि के संबंध में समाचार का प्रकाशन हुआ तो प्रशासन द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री के जांच के आदेश जारी किये गये थे और एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था परंतु उक्त आदेश का पालन न करते हुए तहसीलदार द्वारा इस मामले में ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है की नगर के वार्ड नं. 3 निवासी शिकायतकर्ता विजय कुमार मिश्रा का आरोप है कि इस षड्यंत्र में कोमिन आमाडारे, भूनेश्वरी बेदरे, सेवा प्रदाता चंद्रकांत किरनापुरे और गवाह नसीमुद्दीन खान ने मिलकर दस्तावेज़ों को कूट रचना के ज़रिए ईडी व राज्य सरकार के प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना की। विशेष रूप से पटवारी इंद्रपाल मड़ावी की भूमिका को लेकर भी गंभीर संदेह उठाया गया है। हल्का नंबर 19/60 लांजी स्थित खसरा नंबर 27/23, रकबा 0.024 हेक्टेयर, कुल 240 वर्गमीटर भूमि पर फर्जीवाड़ा किया गया। इस ज़मीन को प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर रजिस्ट्री करवा दिया गया। वहीं जब इस मामले में उपपंजीयक से संपर्क किया गया तो उनका कहना था की यह रजिस्ट्री उनके कार्यकाल के दौरान की नहीं है उन्होने जून माह में ही लांजी में पदभार ग्रहण किया इसके पूर्व जो उपपंजीयक थे उन्होने रजिस्ट्री की है हमारे द्वारा आज स्थल निरीक्षण कियाा गया है। कुछ दिनों में वरिष्ठ अधिकारियों को जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

### तहसीलदार ने नहीं दिया सीधा जवाब

वहीं इस मामले में एसडीएम द्वारा तहसीलदार लांजी को 7 दिवस के भीतर जांच कर जवाब मांगा था परंतु तहसीलदार द्वारा अब तक जांच हेतु कोई दल मौका स्थल पर नहीं भेजा गया जिससे उक्त जांच और एक सप्ताह के लिये टल गई है। तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी ने कहा की आरआई भूपेंद्र अहिरवार का स्वास्थ्य खराब होने और पटवारी बदल जाने से जांच में देरी हो रही है। शीघ्र ही विवादित भूमि का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन बनाकर एसडीएम महोदय को सौंप दिया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस मामले में पटवारी इंद्रपाल मड़ावी द्वारा जब नक्शा जारी किया गया तो उनके द्वारा ही नक्शे में बिक्रीशुदा जमीन की जानकारी उल्लेखित किये जाने की बात सामने आ रही है।

## भंडारबोडी से कचेखनी सड़क क्षतिग्रस्त, सुधार की जरूरत



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जनपद खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडारबोडी से कचेखनी सड़क बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण मार्ग से चलने वाले ग्रामवासियो को परेशानी हो रही है। ग्रामीणो के द्वारा सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है । पूर्व सरपंच देवेंद्र लिल्हारे ने बताया की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण आवाजाही प्रभावित होती है, बारिश की वजह से सड़क में नाले के पास कटाव होता है जिसके कारण आने जाने में राहगीरो को परेशानी होती है। तथा मार्ग जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है ,डामर की परत उखडकर गिट्टी निकल गई है । आवाजाही की सुविधा के लिए सड़क को दुरुस्त किया जाना चाहिए ताकि मार्ग से चलने वाले ग्रामीणजनो को सहूलियत हो सके। यह मार्ग करीब तीन से चार किलोमीटर लम्बा है जो लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। आए दिन मार्ग से ग्रामवासी कामकाज के सिलसिले से अपने गंतव्य की ओर आना जाना करते है लेकिन मार्ग क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत महसूस होती है । ग्रामीणो के द्वारा सड़क सुधार की मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा सिवनी के मंडल अध्यक्षों ने घोषित की कार्यकारिणी, सभी पदों पर घोषित किए गए सक्रिय कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की सहमति से सिवनी जिले के गंगेरूआ, पलारी, कान्हीवाड़ा, सुकतरा, धनौरा एवं कुरई मंडलों के अध्यक्षों ने अपनी-अपनी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। इन कार्यकारिणियों में मंडल स्तर पर संगठन को गति देने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, आईटी, सोशल मीडिया एवं मीडिया प्रभारियों की नियुक्तियाँ की गईं हैं।

उल्लेखनीय है कि कार्यकारणी में कार्यकारणी सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यो को शामिल किया गया है । जिनका मार्गदर्शन संगठन को मजबूती देगा।

# केवलारी में हो रही अवैध रेत डंपिंग, नहीं हो रही कार्यवाही

**केवलारी मे रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे नदियों की छाती चीरकर अवैध खनन कर रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। शहर से लेकर गांवों तक अवैध डंपिंग एरिया बना दिए गए हैं, जहां माफिया अपनी मनमानी कीमत पर रेत बेच रहे हैं।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सूत्रों के अनुसार, सिवनी से बड़ी मात्रा में रेत बालाघाट, छिंदवाड़ा में बेची जा रही है। गैर स्वीकृत घाटों पर पोकलेन मशीनों से खुदाई हो करके यह रेत का भंडारण किया गया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। खनिज विभाग और प्रशासन को इस अवैध कारोबार की पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### प्रशासन भी मौन

कुछ घाटों पर तो माफिया इतने बेखौफ हो चुके हैं कि वे दिनदहाड़े ट्रकों में भरकर रेत ले जा रहे हैं और प्रशासनिक अफसर आँख मूंदे बैठे हैं। क्या प्रशासन को इसका कोई अंदाजा नहीं, या फिर माफियाओं की मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा है?

### कब होगी ठोस कार्रवाई?

सरकार को इस मामले में सख्ती से कदम उठाने की जरूरत है। अवैध रेत खनन और डंपिंग की निगरानी हो, गैर स्वीकृत घाटों पर तत्काल रोक लगे, प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की जांच हो रेत माफियाओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो अगर जल्द ही इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा और सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान होता रहेगा।

## मानसून सत्र के दौरान केवलारी विधायक ने उठाये कई प्रश्न

### रेत उत्खनन, व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती को लेकर रजनीश ने उठाये सवाल

सिवनी विधानसभा सत्र में केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने मंगलवार को तारांकित /अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से निम्नलिखित प्रश्न उठाये गए। विधायक रजनीश नेग्राम बागडोंगरी में अवैध रेत डंप की जप्ती, अवैध रेत परिवहन कर रहे डंपर से हुई दुर्घटना, धनौरा विकासखंड के ग्राम तिघरा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति में अनियमितता एवं ग्राम भीमगढ़ से चरगंवा से जटलापुर तक पक्की सडक मार्ग निर्माण कराए जाने के संबंध में प्रश्न रखे जिस पर मुख्यमंत्री सहित विभाग के मंत्रियों ने अपना जवाब दिया। **विधायक रजनीश ने बागडोंगरी रेत खदान के संबंध में किये गये प्रश्न** का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस संबंध में रेत समूह एसडीओ द्वारा नियम अनुसार 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किये गये हैं। इसी तारतम्य में दूसरे प्रश्न का जवाब देते हुए विभिन्न खदानों से रेत उत्खनन एवं परिवहन को लेकर की गई कार्यवाही का ब्यौरा दिया है। स्वीकृत रेत खदानों व नदी नालों से उत्खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त नहीं होने से खनन कार्य प्रारंभकिये जाने हेतु निर्देशित नहीं किया गया है। जांच के दौरान चार पोकलेन मशीन ग्राम नसीपुर खदान के लैंडिंग पाइंट में खड़ी थी जिसे जांच के उपरांत मुक्त किया गया है। इसी तरह महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से विधायक रजनीश ने धनौरा विकासखंड के ग्राम तिघरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की चयन प्रक्रिया में वरियता के आधार पर श्रीमती प्रियंका झारिया का नाम होने के बाद भी श्रीमती गीता झारिया को नियुक्त किये जाने को लेकर प्रश्न रखा। जवाब में निर्मला भूरिया ने बताया कि गीता झारिया को कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इस संबंध में पुस्तकाल में रखे परिशिष्ठ में विवरण दिया हुआ है जिसके आधार पर आवेदिका को सक्षम न्यायालय में अपील करने का अधिकार है।

## पडरिया माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक को हटाने ग्रामीणों ने की मांग

**घंसौर** / जिले के घंसौर विकासखंड के माध्यमिक शाला पड़रिया में पदस्थ प्रधान पाठक चुन्नीलाल डेहरिया के खिलाफ ग्रामीणों ने लापरवाही के आरोप लगाते हुए विकासखंड अधिकारी एवं जनपद श्रोत समन्वयक से लिखित शिकायत की ग्रामीणों ने प्रधान पाठक पर आरोपों की बौछार करते हुए अपनी लिखित शिकायत में बताया की प्रधान पाठक चुन्नीलाल डेहरिया द्वारा एस एम सी को बिना किसी प्रकार की जानकारी दिए शौचालय मरम्मत के लिए आई राशि का आहरण कर लिया है जबकि मरम्मत के नाम पर शौचालय में कुछ भी काम नहीं हुआ है शिकायत में आगे ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि प्रधान पाठक चुन्नीलाल डेहरिया द्वारा अतिथि शिक्षकों की भर्ती ने अपने चहेते लोगों को भर्ती करते हैं और इसके लिए वे शासन के तय मानकों को भी नहीं मानते जबकि उक्त विद्यालय में पदस्थ दोनोंशिक्षकों की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ही दिन भर फोन पर बात करते रहते हैं जिससे उनके बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है जबकि अगर कोई अभिभावक इनकी शिकायत करते हैं तो प्रधान पाठक द्वारा बच्चों से दुव्यवहार किया जाता है है इसी प्रकार के अन्य शिकायत ग्रामीणों द्वारा लिखित रूप से देकर प्रधान पाठक को अन्यत्र भेजने के लिए निवेदन किया है अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेते हैं या नहीं और आगे क्या कार्यवाही करते है या नहीं भविष्य में तय होगा।

# सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट द्वारा करवाया जा रहा वक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था मुख्य रूप से सिवनी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा,मंडला आदि जिलों में विगत कई वर्षो से कार्यरत हैं इसी सापेक्ष जूलाई माह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी जिलों के सभी विकास खंड में आम, नीम, अमरुद, जामून, आंवला, सागौन, नीलगीरी,पीपल आदि पेड़ लगवाये जा रहें हैं।

एक पेड़ मां अभियान के तहत सिवनी जिले के कुरई ब्लाक के लॉर्ड बुद्ध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में संस्था प्रमुख संगीता चौधरी एवं शिक्षक शिक्षिका सविता भालेकर, शीतल देशमुख, पूजा डोंगरे, प्रीति खंडाते, अतुल देशभरतार द्वारा वृक्षारोपण करवाया गया साथ ही बालाघाट जिले के ब्लाक बालाघाट में आंगनबाड़ी केंद्र 31, सतयोगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट लुंबिनी नगर बुढ़ी बालाघाट में 30/07/2025 को पेड़ लगाए गए। जिसमें संस्था प्रमुख सीमा गढ़पायले, रोहिणी नागदेवे, संस्था मैनेजर जितेन्द्र कुमार लिल्हारे, संस्था ट्रेनर पूर्णिमा उइके, दीपा राउत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# पीएनएसटी 2022 में चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश से वंचित करने पर अधिवक्ता वरुण के चोपड़ा की पैरवी पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सुप्रीम कोर्ट ने आज उन अभ्यर्थियों की याचिका पर मध्य प्रदेश राज्य सरकार और भारतीय नर्सिंग परिषद को नोटिस जारी किया, जिन्होंने प्री-नर्सिंग चयन परीक्षा (PNST) – 2022 उत्तीर्ण की थी, लेकिन उन्हें सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश नहीं दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें परिणाम घोषित करने की अनुमति तो दी गई, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया गया कि चयन होने पर भी उम्मीदवारों को कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होगा। यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध था। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता श्री वरुण के. चोपड़ा ने पक्ष रखा, जिन्हें अधिवक्ता-ऑन-रिकॉर्ड श्री पुष्कर कर्णी सिन्हा एवं अधिवक्ता श्री रोहिन ओज़ा ने निर्देशित किया था। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने माना कि अभ्यर्थियों को बिना किसी दोष के प्रवेश से वंचित किया गया है। इस पर न्यायालय ने राज्य सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। अब यह मामला चार सप्ताह बाद पुनः विचारार्थ सूचीबद्ध किया जाएगा।

# खेल विभाग द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएँ एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं मान. संस्कृति जैन कलेक्टर व सुनील मेहता पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में श्रीमती मनु धुर्वे जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी के कुशल नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु नशे से दूरी है जरूरी नाम से नशा जनजागरूकता अभियान पूरे जिले में पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने तथा नशे से दूरी बनाए रखने हेतु स्थानीय प्रशिक्षकों के साथ खिलाड़ियों के मध्य जन-जागरूकता अभियान का आयोजन करना है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में कबड्डी, वॉलीबॉल एवं हॉकी खेल में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के मध्य प्रतियोगिताएँ 15 से 30 जुलाई तक संपन्न की गईं, जिनका आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को नशे से दूरी बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में कार्यरत विकासखंड युवा समन्वयकों के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत रैली, शपथ समारोह एवं जन-जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रम सतत रूप से संपन्न किए गए।

### शासकीय प्राथमिक शाला डोकररांजी में गिफ्ट की 10 डेस्क-बैंच

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं का उन्नयन कर जन भागिदारी से अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के लिए डेस्क उपलब्ध कराने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी मुहिम में सहभागिता करते हुए विद्युत विभाग सिवनी कार्यपालन अभियंता श्री सुभाष राय ने बेटी आर्या राय के 9 वे जन्मदिन के अवसर पर अपने पैतृक ग्राम डोंकररांजी (खैरापलारी) के शासकीय प्राथमिक स्कूल में 10 नग डेस्क-बैंच गिफ्ट कर स्कूल के छात्र/छात्राओं के साथ अपना 9 वॉ जन्मदिन मनाया। आर्या राय सेंट फ्रांसिस स्कूल सिवनी में कक्षा 4 th की छात्रा हैं। आर्या राय ने अपने परिवार सहित प्राथमिक शाला डोकररांजी के छात्र / छात्राओं के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया एवं उन्हें पेन पेंसिल व स्टेशनरी उपहार में देकर खुशियां बांटी।



## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक सहभागिता की मिसाल बनी हरियाली यात्रा

चोरपिपरिया (केवलारी) मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड केवलारी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत झगरा के ग्राम चोरपिपरिया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी एवं महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल सिद्ध हुआ। श्री सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक, म. प्र.जन अभियान परिषद सिवनी ने इस व्यापक अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश के 313 विकास खण्ड में 1565 सेक्टर में इस प्रकार की आयोजन किया जा रहे हैं जो हरियाली अमावस्या से प्रारंभ होकर लगातार चल रहे हैं। स्वैच्छिकता के आधार पर नवांकुर सखी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना।

### एक पेड़ मां के नाम किया गया वृक्षारोपण

बरघाट के समीप गांव जेवनारा में मेला स्थल पर वृक्षारोपण किया गया एक पेड़ मां के नाम से यह वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव पवार नए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वृहद स्तर पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है प्राकृतिक को बचाने के लिए हम सभी को इस अभियान में जोर-जोर से वृक्षारोपण लगाकर पौधे की देखभाल करनी चाहिए आप सभी से आग्रह है कि पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाई एवं संकल्प ले एवं इस जन आंदोलन बनाएं इस अवसर पर बरघाट जनपद पंचायत अध्यक्ष आभा जितेंद्र राहगडाले ग्राम पंचायत जैवनारा के सरपंच बंटी कटरे राजेश राहगडाले,एवं प्रशासनिक अधिकारी पुलिस विभाग थाना प्रभारी तहसीलदार महोदय बरघाट एसडीओपी एवं जनपद बरघाट के कर्मचारी एव ग्रामवासी शामिल हुई।

### सांस में गुरु बसे होते हैं

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं ब्रह्मचारी मनोज भैयाजी जबलपुर के निर्देशन में 30जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में श्री नेमिनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक महोत्सव एवं मुनि श्री भावसागर जी महाराज का22 वां मुनि दीक्षा दिवस पादप्रक्षालन , आचार्य श्री की पूजन, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, आरती, परिक्रमा आदि मांगलिक क्रियाओ के साथ संपन्न हुआ, लोगों ने भक्ति नृत्य के माध्यम से महोत्सव मनाया, पीले केसरिया रंग में नजर आ रहे थे सभी,त्व इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित किया।

# लखनादौन पुलिस ने चोरी का किया पर्दाफाश 8 लाख 10 हजार रूपये की कार बरामद

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना लखनादौन मे प्रार्थी ललित पिता मुखराम अहिरवार उम्र 22 माल निवासी ग्राम सनाई डोंगरी थाना धूमा जिला सिवनी ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 27/07/2025 के दोपहर करीब 3/00 बजे तीन बाहरी लोगो ने नागपुर महाराष्ट्र जाने के लिये लखनादौन से कार बुक किये थे जिन्हे नागपुर छोडने के लिये जा रहा था कि रास्ते में उन्होंने उल्टी आने का बहाना बनाकर गाडी रुकवाये तो मैं भी कुछ दूर जाकर टायलेट करने लगा तभी तीनो व्यक्ति शिफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेट जे 0717 एवं मेरा मोबाईल चुराकर भाग गये कि रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 379/2025 धारा-303 (2), 3 (5) बीएनएम का अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा घटना को गंभीरता में लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं थी अपूर्व भलावी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के मार्गदर्शन में थाना से टीम गठित की गई।



विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना तथा तकनीकी सहायता से आरोपी गणो को थाना लोधीखेडा के अंतर्गत जिला पाडुर्ना मे घेराबंदी कर तीन आरोपियो को पकडा गया जिनके कब्जे मे चोरी गये कार क्र.एमपी 20 जेडजे 0717 एवं एक मोबाईल रेडमी कंपनी का बरामद किया गया एवं तीनो आरोपियो सूरज चौधरी, आशीष सोलंकी, नीलेश जाटव को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सूरज चौधरी थाना कोतवाली नरसिहपुर का निगरानी बदमाश है जिसके विरुध्द अलग अलग कुल 27 अपराध पंजीबध्द है एवं आरोपी आशीष सोलंकी थाना गाडरवाडा का निगरानी बदमाश है जिसके विरुध्द कुल 21 अपराध तथा आरोपी नीलेश जाटव के विरुध्द अलग अलग थाना क्षेत्रो मे 07 अपराध बाहन चोरी मारपीट लूट के पंजीबद्ध होना पाये गये हैं।

## मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील केवलारी के निर्विरोध अध्यक्ष बने गौरव मेशराम

**केवलारी** । पटवारी संघ के निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील केवलारी के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमे पटवारियों की सहमति से गौरव मेश्राम को निर्विरोध रूप से तहसील केवलारी का पटवारी संघ अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन की यह प्रक्रिया मध्यप्रदेश पटवारी संघ सिवनी द्वारा गठित समिति की देखरेख में संपन्न हुई, जिसमें संघ के संविधान के अनुरूप गौरव मेश्राम को तीन वर्षों की अवधि के लिए अध्यक्ष पद हेतु चुना गया।समारोह का आयोजन निर्वाचन परिणामों की घोषणा के पश्चात तहसील कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला सहित तहसील पटवारी संघ के समस्त पटवारी उपस्थित रहे। इस दौरान तहसीलदार शशांक मेशराम ने नव निर्वाचित अध्यक्ष गौरव मेश्राम को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बाल भवानी मंदिर में पहाड़ी पर वृक्षारोपण किया

हरिभूमि न्यूज लखनादौन जनपद पंचायत लखनादौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सहजपुरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत बाल भवानी मंदिर पहाड़ी पर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें सहित सरपंच श्री मति फूलवती ऊइके जनपद सीईओ अभिषेक जैन,**APO** महेंद्र लड़ियां, संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह, गणमान्य नागरिक संतोष चौकसे, अमित केशरवानी,यश प्रजापति, अभियान परिषद से रीता राजपूत, संजय यादव, सचिव संतलाल डेहरिया, रोजगार सहायक नसीम कुरैशी,मोबिलजर अमरीन,निशा, कांति चौकसे,इतुलाल उइके,अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सहित कर्मचारी सम्मिलित हुए। साथ ही अभियोजन अधिकारी गण सहित ने भी वृक्षारोपण किया एवं ने भी वृक्षारोपण में भाग लेकर पौधारोपण किया। एक पेड़ मां के नाम बाल भवानी मंदिर में कार्यक्रम को सफल हेतु सभी ने पौधों का रोपण किया गया। जिसमें हरण, बहेड़ा, आंवला, आम, पीपल, त्रिवेणी, रामफल, नीम, जामुन, जाम, आदि के पौधे रोपित किए गए। साथ ही पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। प्रकृति और माँ का करें सम्मान, आओ लगायें एक पेड़ माँ के नाम।



सवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिछले 10 वर्षो से कितनी सिंचाई योजनाओं के कार्यो की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गयी इसमें से कितनी सिंचाई योजना के कार्य प्रांरभ एवं कितनें कार्य प्रारंभ किया जाना शेष है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना हर खेत तक पानी पहुचाने की है। ऐसी स्थिति में उक्त क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी पहुचाने के लिए विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाऐं तैयार की जा रही है। सिचाई परियोजना अंतर्गत सिवनी विधानसभा क्षेत्र के गोपालगंज लालमाटी क्षेत्र अंतर्गत किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने कांवड यात्रा के श्रद्धालुओं का किया स्वागत

**सिवनी।** भगवान भोलेनाथ के पत्रिव सावन के महीने में आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सामने कांवड यात्रा के श्रद्धालुओ का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। सैकड़ो की संख्या में नाचते-गाते झूमते हुए भगवान भोलेनाथ के भक्त जो कि रानी दुर्गावती गंज वार्ड सिवनी हनुमान मंदिर समिति के सदस्य है।

श्रध्दा भक्ति भाव से ग्राम मुंडारा मां वैनगंगा उद्गम स्थल से पैदल जल लाकर महाकाल दरबार मठ मंदिर सिवनी में जल चढाने, नगरपालिका चौराहा से होकर गुजर रहे थे साथ ही कावंडियों के द्वारा झांकी भी निकाली गई इस दौरान पुष्पवर्षा कर नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, जिला महामंत्री अजय डागोरिया, पार्षद संजय भलावी, रविशंकर भांगरे, अमित डागौर, पूर्व पार्षद संजय खंडाईत, दीपू मिश्रा, शीबू सेंगर भुनेश कुल्हाडे, विक्रांत दुबे, संदेश बास्सा, सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारीगण द्वारा स्वागत किया गया।



# नेवरी नदी के पुल को साफ किया जाए-भाकपा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इस वर्ष भारी वर्षा होने के कारण नदी नालों में भारी बाढ़ आने से उनके पाइप में लकड़ी के डुंडा कूड़ा करकट झाड़ियां पत्थर आदि फस गए हैं इससे नदी में बाढ़ के पानी की निकासी में अवरोध पैदा होने से आम जनता को नदी पार करने सुगमता से आवागमन करने में बहुत भारी परेशानी हो गई है बड़ी मुश्किल से ग्राम निवारी और चिकला ग्राम के बीच आवागमन नदी पर पुल बनने से चालू हो पाया है ऐसे में यदि इसे जेसीबी लाकर हटाया नहीं गया तो पुल की हालत जर्जर हो जावेगी और आम जनता को आवागमन के लिए भारी परेशानी हो जावेगी।

इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ग्राम निवारी के निवासी कामरेड डीडी वासनिक सहित ग्रामीण शिवदास वासनिक बाबू दास वासनिक धनीराम डेहरिया राहुल भैया मस्तराम भलावी अजय टेकाम सीताराम डेहरिया राकेश बनवारी मुकेश बनवारी इंद्रु लाल मरावी प्रदीप मरावी संदीप मरावी, शुकलाल विश्वकर्मा,बुध्मान कोडापे आदि ने जिला कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरई से मांग की है कि अति शीघ्र जेसीबी भेज कर उस अवरोध को हटाया जावे अन्यथा बरसात की बाढ़ में वह पुल धराशाई हो जावेगा और सुगम आवागमन बाधित होने से आम जनता को परेशानी होगी। इस पुलिया से ग्राम पथरई आलेसुर चिकला ऐरमा थावर जोड़ी बापू टोला करहिया मोहगांव सडक़ आदि एक दर्जन ग्रामों का आवागमन बाधित हो जावेगा।



## कहीं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ तो नहीं ?

# कोर्ट के आदेश के बाद भी कैसे चल रहा है पैरामेडिकल में प्रवेश का खेल?



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**मध्यप्रदेश में पैरामेडिकल कॉलेजों में एडमिशन पर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला देते हुए प्रवेश प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। किसी भी पैरामेडिकल कॉलेज को नई मान्यता देने से भी इंकार कर दिया है। फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज चलने की शिकायतों के बीच कोर्ट ने यह फैसला दिया है। कोर्ट ने बुधवार को अधिवक्ता विशाल बघेल की याचिका पर सुनवाई की थी। इसके बाद प्रदेश के सभी पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता और एडमिशन प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई हैं।**

पैरामेडिकल कॉलेजों में पिछले दो सालों से बिना एफिलिएशन के ही प्रवेश दिया जा रहा है। राज्य के एक भी पैरामेडिकल कॉलेज को यूनिवर्सिटी से सत्र 2023-24 की संबद्धता नहीं मिली है। इसके बावजूद 2023-24 और इसके बाद 2024-25 में भी हजारों विद्यार्थियों का एडमिशन किया जा रहा है। ऐसा ही कुछ सिवनी जिले के पैरामेडिकल कॉलेजों में भी खेल चल रहा है ,जहां बच्चों को बरगला कर,झूठी जानकारी देकर प्रवेश लिया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि पैरामेडिकल कॉलेज संचालक कॉलेज को मान्यता मिलने की बात कह कर बच्चों के एडमिशन ले रहे हैं। प्रवेश के समय मूल दस्तावेज जमा करवा लिए जाते हैं जिससे छात्र और किसी कोर्स में प्रवेश नहीं ले पाते और उनका साल खराब हो रहा है। यदि कोई छात्र आपने मूल दस्तावेज़ लेना चाहें तो उसे कॉलेज के चक्कर पर चक्कर लगाना पड़ता है। जिला प्रशासन अब इस ओर ध्यान देकर,पैरामेडिकल कॉलेज के चंगुल में फसे छात्रों को मुक्त करा ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

## सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ बालाघाट कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर

# गुंडा बदमाशों के हौसले बुलंद, जान से मारने की मंशा से सरपंच के घर में घुसे, कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन के द्वारा बीते कल जनसुनवाई में अवैध अतिक्रमण कर शराब दुकान संचलित करने वालों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी तथा उच्च न्यायालय के आदेश की सत्य प्रतिलिपि जिला कलेक्टर को प्रेषित की गई थी। जनहित में ग्राम प्रधान के द्वारा निरंतर सकारात्मक कार्य किए जा रहें हैं। अतिक्रमणकारियों को ग्राम प्रधान की कार्यप्रणाली इतनी न गवार गुजरी कि उन्होंने किराये के गुंडे बदमाशों का सहारा लेते हुए ग्राम प्रधान के घर में रात्रि के समय लगभग 11.45 बजे 10-12 की संख्या में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अनाधिकृत रूप से प्रवेश करते हैं जिसमें एफआईआर में दर्ज धमेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा व अन्य आठ नौ लोग शामिल हैं। इन अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो के द्वारा घर में घुसकर गाली गलौज तथा दरवाजा को ठोंकते हुए ग्राम प्रधान का नाम लेकर जान से मारने की धमकी देते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान की माताश्री छाया बिसेन ने बताया कि उन लोगों के द्वारा गाली गलौज की जा रही थी तथा दरवाजा खटखटा रहे थे। मुझे लगा कि गांव के ही लोग होंगे। किन्तु सुबह ग्राम गर्रा दुर्गा समिति अध्यक्ष मोनू भगत के द्वारा ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन को बताया गया कि धमेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा जो कि बालाघाट भटेरा चौकी निवासी हैं उसके द्वारा मुझे रात्रि लगभग 1.30 बजे फोन करके कहा गया कि हम तेरे सरपंच के घर गए थे, वो मिला नहीं, मिल जाता तो उसे जान से मार देते। फिर ग्राम प्रधान के द्वारा अपने घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों से फूटेज निकाली गई तथा प्रधान के द्वारा घटना के संबंध में ग्रामवासियों को बताया गया कि मुझे मारने की मंशा से 10-12 गुंडे बदमाश मेरे घर में घुसे थे। ग्रामीणों ने कहा कि हमें कोतवाली में एफआईआर दर्ज करानी चाहिए।




ग्राम प्रधान के द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में धमेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा तथा अन्य नौ लोगो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 के तहत धारा 190, 191(2), 296, 333, 351(3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच लिया गया हैं।

### सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने वीडियो के माध्यम से की अपील

सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने पूरे घटना के संबंध में वीडियो के माध्यम से दसो ब्लाक के सरपंच संघ से अपील की हैं कि आज 11 बजे जनपद पंचायत बालाघाट में सभी सरपंच साथी पहुंचे, आगामी रणनीति तैयार की जाएगी तथा जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बालाघाट से भेंट कर घटना के संबंध में चर्चा की जाएगी। वीडियो माध्यम से वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि गुंडा, बदमाशों के हौंसले बुलंद हैं, आज मेरे घर में घुसे हैं कल आप लोगों के साथ भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।

### अतिक्रमण के आदेश को लेकर हो रही घटनाएं

वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव में वैभवसिंह बिसेन और बालकृष्ण द्विवेदी के मध्य पंचायत चुनाव लड़ा जाता हैं जिसमें ग्राम प्रधान अपने प्रतिद्वंद्वी बालू को भारी बहुमतों से पराजित कर देते हैं तथा पूरी निष्ठा और ईमानदारी से ग्राम विकास में लग जाते हैं। चुनाव से पूर्व एक आदिवासी महिला जो कि ग्राम गर्रा की हैं उसके द्वारा वैभवसिंह बिसेन तथा उनके बड़े भाई के विरूद्ध फर्जी एफआईआर दर्ज कराई जाती हैं। ताकि वैभवसिंह बिसेन चुनाव से पूर्व ही जेल चले जाये किन्तु ग्राम प्रधान को न्याय व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास था और वो इस प्रक्रिया में बईज्जत बरी हो जाते हैं तथा एफआईआर खारिज हो जाती हैं। तब से लेकर आज तक विरोधियों के द्वारा नये-नये षड़यंत्र रचते हुए ग्राम प्रधान को परेशान करने की मंशा से कार्य कर रहें हैं। गर्रा चौराह वारासिवनी मार्ग पर शराब दुकान संचलित हो रही हैं। ग्रामीणों के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया हैं। ग्राम प्रधान के द्वारा 3 वर्षों से निरंतर जिला प्रशासन को अवगत करा रहे हैं। शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित की जावें किन्तु प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं तब जाकर ग्राम प्रधान के द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर करते हैं तथा न्यायालय जिला प्रशासन को आदेशित करती हैं कि 90 दिनों में कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान को अवगत करायें। अतिक्रमणकारियों के द्वारा ही रात्रि के समय भाड़े के गुंडे ग्राम प्रधान के घर में भेजकर पूरे गांव में भय का वातावरण निर्मित करना चाहते हैं तथा गांव की शांति भंग करना चाहते हैं।

---

### रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने प्रतिभागियो को किया पुरस्कृत

## स्प्लैश-2025: चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रोटरी क्लब बालाघाट द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन वॉटर थीम पर, स्प्लैश-2025 के नाम से आयोजित किया गया था। जिसमें न केवल स्कूली बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति को कैनवास पर उकेरा, बल्कि रचनात्मक ऊर्जा से चित्रकारी में रंगो को बिखेरा।




दरअसल, रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ग्रुप ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जो रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में "स्प्लैश" नाम से एक साथ आयोजित की गई। जिसे बालाघाट में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. अमित जायसवाल के मार्गदर्शन तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट रोटे. कमलजीतसिंह छाबड़ा और असिस्टेंट गवर्नर रोटे. अंकुर महेश्वरी के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें अलग-अलग स्कूल के, 11 सौ बच्चो ने हिस्सा लिया। जिसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संदीपनी विद्यालय में किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के साथ-साथ, विशिष्ट अतिथि पीडीजी रोटे. निखिलेश त्रिवेदी, डीजीएम रोटे. भानु प्रताप सिंह चौधरी और संदीपनी स्कूल प्राचार्य डॉ. युवराज रहांगडाले प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

रॉयल क्लब अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी ने बताया कि स्प्लैश-2025 का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति और मंच देना है। हमारी टीम का प्रयास है कि हर बच्चा स्वयं पर गर्व करे और अपनी रचनात्मकता पर भरोसा बनाए।

कार्यक्रम अध्यक्ष रोटे. अंकित अग्रवाल ने कहा कि हमने प्रतियोगिता को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सभी स्कूलों में आयोजित किया। जिससे हर प्रतिभा को पहचान मिल सके। आयोजन की सफलता टीमवर्क का परिणाम है। को-चेयरमैन रोटेरियन रवि सचदेव ने कहा कि बच्चों की सोच और रंगों की भाषा ने हमें चौंका दिया। हमें गर्व है कि बालाघाट के छात्रों में इतनी रचनात्मकता है। को-चेयरमेन रोटे. केशव परिहार ने कहा कि हमारा लक्ष्य था कि प्रत्येक छात्र को सम्मान मिले और विजेता ही नहीं, प्रतिभागी भी प्रोत्साहित हो। यही 'स्प्लैश' की आत्मा है।

प्राचार्य डॉ. युवराज रहांगडाले ने कहा कि चित्रकला केवल एक विषय नहीं, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी भावनाओं और विचारों को उजागर करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को आत्मविश्वास मिलता है और वे अपने भीतर की प्रतिभा को पहचान पाते हैं।

क्लब ने दो वर्गो में प्रथम तीन प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के साथ ही स्मृति चिन्ह प्रदान किया। जिसमें कक्षा 6 वीं से 8 वीं में पूवी सोनवाने, टीना सेलोकर, जिया सूर्यवंशी और कक्षा 9वीं से 12 वीं में अर्पिता मातरे, उन्नति रावते, गारगी पारधी को क्रमशः 51 सौ, 31 सौ और 11 सौ रूपए की नगद राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी 11 सौ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल स्कूलो के प्राचार्यो को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिसमें संदीप असाटी, आशीष साहू, राजेश गांधी, मुकुल राठौर, अंकित अग्रवाल, गौरव कोचर, नरेंदर सिंह छाबड़ा, सौरभ हरिनखेड़े, रवि सचदेव, हरजीतपाल सिंघ राजपूत, एड. विक्रम भूते, लखविंदर सिंह भंगल, केशव परिहार, बलविंदर पाल सिंघ राजपूत, राहुल तुरकर, डॉ. नेहा मेश्राम मौजूद रहे।

### शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग पर उठाए तीखे सवाल

## विधानसभा में बालाघाट के मुद्दों पर विधायक भगत का फोकस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र विधानसभा के वर्तमान सत्र में परसवाड़ा विधायक मधु भाऊ भगत ने अपने क्षेत्र से जुड़े जनहित के महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार को घेरा और विभागीय कार्यप्रणाली पर गहन सवाल उठाए। श्री भगत की सक्रियता एक ओर जहां विधानसभा पटल पर स्पष्ट दिखी, वहीं उन्होंने जनहित की आवाज को मजबूती से रखने का प्रयास भी किया।



**स्वास्थ्य विभाग पर जानकारी मांगी:** विधायक भगत ने प्रश्न क्रमांक 1175 के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री से यह जानकारी चाही कि वर्ष 2020 से 2024 के बीच भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा में कितने 100-बेड के नर्सिंग होम नये पंजीकृत या नवीनीकृत हुए हैं? उन्होंने इन नर्सिंग होम्स के नाम, संचालनकर्ता संस्था का नाम, और संपूर्ण पता की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग की।

**शिक्षा विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया पर उठाए सवाल :** प्रश्न क्रमांक 868 में विधायक भगत ने स्कूली शिक्षा मंत्री से यह पूछा कि 12 और 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को समयमान वेतनमान और पदोन्नति देने का जो आदेश जारी हुआ था, उसकी प्रतिकृति उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने यह भी जानना चाहा कि जबलपुर संभाग में इस आदेश के अनुपालन में क्या कार्यवाही की गई, और किन कर्मचारियों को उपयोगिता प्रमाणपत्र जारी हुए। साथ ही, बालाघाट जिले में अब तक किन लोकसेवकों को लाभ नहीं मिला तथा विलंब के कारण और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित है, इस पर भी जवाब मांगा।

**आवास आवंटन में अनियमितताओं का मामला उठाया:** प्रश्न क्रमांक 1174 के माध्यम से श्री भगत ने जल संसाधन मंत्री से पूछा कि आवलाझरी (विकासखण्ड बालाघाट) में स्थित सिंचाई अस्थायी कॉलोनी में किस-किस शासकीय कर्मचारी को किस प्रकार के शासकीय आवास (G4, G5, G6 आदि) आबंटित किए गए हैं? उन्होंने यह भी जानना चाहा कि इन आवासों के बदले भाड़ा भत्ता लिया जा रहा है या नहीं, और यदि आवास किसी अन्य व्यक्ति को बाजार दर पर किराये पर दिए गए हैं तो क्या यह नियमों के विरुद्ध नहीं है? उन्होंने ऐसे सभी मामलों में अविलंब जांच कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की।

**पुस्तक वितरण में पारदर्शिता की मांग:** प्रश्न क्रमांक 1173 के अंतर्गत विधायक भगत ने बालाघाट जिले में पिछले 5 वर्षों के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के तहत पुस्तक वितरण के लिए हुए बजट आवंटन और निविदाओं का ब्यौरा मांगा। उन्होंने जिला प्रशासन से यह जानकारी मांगी कि 10 विकासखण्डों में निविदाएं कब प्रकाशित हुईं, कितने टेंडर स्वीकृत हुए और विकासखण्डवार कितना बजट जारी किया गया।

**सदन के बाहर भी विरोध-प्रदर्शन में रहे सक्रिय:** सदन के भीतर जहां विधायक भगत ने सवालों की झड़ी लगाई, वहीं सदन के बाहर विपक्ष के नेता उमंग सिंगार के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर आयोजित प्रदर्शन में भी उन्होंने भाग लिया और अपने क्षेत्र की समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया।

विधायक मधु भगत की यह सक्रियता दर्शाती है कि वे न केवल अपने क्षेत्र के मुद्दों को गंभीरता से उठा रहे हैं, बल्कि सरकार से जवाबदेही भी सुनिश्चित करवाना चाहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाकर उन्होंने अपनी जनप्रतिनिधि भूमिका को सार्थक किया है।

## बाघों के संरक्षण के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 29 जुलाई विश्व बाघ दिवस के अवसर पर वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय बालाघाट के वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बाघों के संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, इस अवसर पर संस्था के अनुदेशकअरिहंत कोचर (भा व से), सहायक अनुदेशक गणेश उईके, व्यवस्थापक श्रीमति माधुरी वाडिवा, एस एल गर्दे, युवराज गौतम व कन्हैया मसकरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालाघाट में चल रहे राष्ट्रीय जुनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों ने भी सहर्ष हिस्सा लिया, बाघों का महत्व बताते हुए उनके संरक्षण के साथ वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संदेश दिया गया।




## 2 अगस्त को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का होगा वितरण

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 02 अगस्त को उत्तरप्रदेश राज्य के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देश के हितग्राही किसानों को पीएम किसान सम्मान निधी की 20वीं किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण करेंगे। इस दिवस को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाहॉल सहित जनपद कार्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर दिखाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 अगस्त के इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे है।

### छुआछूत एवं आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार के विरुद्ध हुंकार

## भीम आर्मी का 3 अगस्त को विशाल जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में जातिगत भेदभाव चरम सीमा पर चल रहा है जिसका सीधा असर अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्ति को भुगतना पड़ रहा है। विगत लंबे समय से चली आ रही जातिगत भेदभाव को लोगों के द्वारा प्रथा बना लिया गया है। बालाघाट जिले में विगत दिनों अनेकों मामले प्रकाश में आए मामलों में भीम आर्मी भारत एकता मिशन सामाजिक संगठन के द्वारा प्रमुखता से आवाज बुलंद की गई । फिर भी जातिगत भेदभाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आपको बता दे कि बिरसा थाना के अंतर्गत आने वाला ग्राम झामुल जहां विगत लंबे समय से अनुसूचित जाति के लोगों को सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है । मामले को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन सामाजिक संगठन बालाघाट द्वारा 3 अगस्त को विशाल जन आंदोलन मुख्यालय बालाघाट में किया जा रहा है,जिसका मुख्य उद्देश्य छुआछूत खत्म करना और बालाघाट जिले में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन से अपील करना है ।




**बालाघाट जिले में सताए जा रहे अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग :** बालाघाट जिले में इन दिनों प्रशासन की ढील तथा छुआछूत को प्रथा समझने वाले लोगों पर शिकंजा करने के लिए प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहा है जिस कारण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ अन्याय, अत्याचार चरम सीमा पर दिखने लगा है,चाहे जातिगत भेदभाव की बात हो या पीड़ियों से अपनी भूमि पर निवास एवं खेती कर रहे आदिवासियों की हो दोनों ही मामलों में प्रशासन की ओर से कुछ खास प्रयास नहीं किया जा रहे हैं हाल ही में बिरसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम जगला में वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा किसानों की खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलवा दिया गया, सूचना मिलते ही भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी के द्वारा मौके स्थल पर पीड़ितों के साथ जाकर निरीक्षण किया गया परंतु वन विभाग के जिम्मेदार मौके स्थल पर नहीं पहुंचे जिसके बाद भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकतार्ओं पर दूसरे पक्ष के द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भीम आर्मी ने कड़ी निंदा की और प्रशासन को ऐसे मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करने की अपील की है ।

प्रेंस कॉन्प्रेस में भीम आर्मी,भारत एकता मिशन सामाजिक संगठन के प्रदेश महासचिव आकाश बौद्ध,जबलपुर संभाग अध्यक्ष निलेश बौद्ध, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष अंकुश चौहान, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष रितेश बोरकर, आजाद समाज पार्टी जिला उपाध्यक्ष संदीप बौद्ध,भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन जिलाध्यक्ष सुजल मेश्राम,भीम आर्मी नगर अध्यक्ष संतोष गेड़ाम एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

हमारे संगठन ने बालाघाट के प्रत्येक गांव में सर्वे किया जहां पर सबसे अधिक जातिवाद का मामला प्रकाश में आया है बैहर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झामुल में अनुसूचित जाति के लोगों का आज भी नाई बाल नहीं काट रहा है । मामले में अगर कोई ओबीसी विरोध करता है तो उन्हें भी समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता है । आगामी 3 अगस्त को जातिगत भेदभाव एवं ओबीसी की जातिगत जनगणना के मुद्दों को लेकर बालाघाट में विशाल जन आंदोलन में अधिक से अधिक तादाद में लोग पहुंचे अपील की गई है।

**रितेश बोरकर**
**जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट**

## बोटेझरी के जंगल में हो रहा था अतिक्रमण, वन विकास निगम ने कार्यवाही कर जप्त की जेसीबी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संभागीय प्रबंधक वन विकास निगम लामता डेविड चनोप के निर्देशन में सुरेंद्र कुमार शेंडे उपसंभागीय प्रबंधक, ज्योत्सना खोबरागड़े परियोजना परिक्षेत्र वारासिवनी, विजय कुमरे परियोजना परिक्षेत्र लालबर्रा, राजेंद्र मेश्राम सहायक परियोजना परिक्षेत्र वारासिवनी, ललित सोनी क्षेत्र रक्षक, अनिल कुमार मरावी क्षेत्र रक्षक, रंजीत पटले बीट गार्ड बुदबुदा एवं वन विकास निगम के कर्मचारियों द्वारा वारासिवनी परियोजना परिक्षेत्र के वनकक्ष क्रमांक 497 सागौन वृक्षारोपण वर्ष 1991 से जंगल में अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे जेसीबी को जप्त कर वन क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी अनुसार वाहन मालिक इमरान पिता सौकत अली निवासी ग्राम बोटेझरी पोस्ट कोचेवाही तहसील वारासिवनी निवासी हैं तथा जेसीबी ऑपरेटर विजय पिता तुलसीराम निवासी बोटेझरी पर कार्यवाही की गई हैं।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111